## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

**Mail ID-rwdeedbg2@gmail.com**

पत्रांक 2400 / दिनांक 05/12/2024

प्रेषक,

ई0 अवधेश कुमार
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

सेवा में,

Ajaz Ahmad,
Vill-Bhiroha, Post-Muraitha,
Jale, Dist-Darbhanga.

विषयः– शीर्ष MR-3054 (नई अनुरक्षण नीति–2018) योजना अन्तर्गत T02 To Naya Tola तक पथ निर्माण कार्य में पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य के संबंध में।

प्रसंगः– (1) एकरारनामा संख्या– 13/MBD/2020-21 दिनांक– 13.08.2020
(2) सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, सिंहवा का पत्रांक–115 दिनांक–01.10.2023 एवं पत्रांक–72 दि0–04.07.2024
(3) इस कार्यालय के पत्रांक–1357 दिनांक–23.07.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयांकित पथ का मूल कार्य दिनांक–25.06.2021 को आपके द्वारा पूर्ण किया गया है। आप अच्छी तरह अवगत है कि पूर्ण किये गये पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करना एकरारनामा का भाग है। पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य करने हेतु बार–बार मौखिक रूप एवं इस कार्यालय के पत्रांक–1357 दिनांक–23.07.2024 द्वारा तथा सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, सिंहवाड़ा के पत्रांक–115 दिनांक–01.10.2023 एवं पत्रांक–72 दि0–04.07.2024 द्वारा भी निर्देशित किया गया था एक सप्ताह के अन्दर वर्णित त्रुटियों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा एकरारनामा विखण्डन कर दिया जायेगा। परन्तु अद्यतन आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नही किया गया है, जो कि एकरारनामा की शर्तो के विरूद्ध आचरण है।

ज्ञातव्य हो कि संबंधित कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, सिंहवाड़ा द्वारा दिनांक–25.09.2024 को BRRMS App से निरीक्षण किया गया जिसमे "U" ग्रेडिंग प्रदान किया गया है। सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, सिंहवाड़ा द्वारा दिनांक–27.09.2024 को BRRMS App से निरीक्षण किया गया जिसमे "U" ग्रेडिंग दिया गया। तदोपरान्त Rectification Module में प्रदर्शित होने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक–02.12.2024 को उक्त पथ का अनुरक्षण की जॉच की गई जिसमें "U" ग्रेडिंग प्रदान की गई है। निरीक्षणोपरान्त निम्नलिखित त्रुटियॉ पाया गया है, जो निम्न प्रकार से है :–

(i) पथ के चैनेज–200 मी0, 500मी0 एंव अन्य जगहों पर पथ के फ्लैंक में जंगल–झाड़ी की सफाई नही होना।
(ii) पथ के चैनेज–900 मी0 से 1200 मी0 एवं अन्य जगहो पर पॉट होल हो जाना।
(iii) पथ में हेक्टोमीटर पिलर एवं किलोमीटर पिलर का समुचित संख्या में नहीं रहना।
(iv) पथ के CD में Parapat Wall का अनुरक्षण के तहत पेटींग एवं उसकी संख्या/ चैनेज नहीं अंकित रहना।

अतः आपको शख्त निर्देश दिया जाता है कि उक्त पथ में उक्त वर्णित त्रुटियों को तीन दिनों के अन्दर सुधार करते हुए अनुरक्षण कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगें, अन्यथा आपके निबंधन को MBD के Clause of Contract की कंडिका–59.1.2 (a), (h) & (i) के तहत एकरारनामा को विखंडित करते हुए कालीकृत करने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दिया जायेगा। जिसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेवार आप स्वंय होगें।

विश्वासभाजन

5/12/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

ज्ञापांक 2400 / दिनांक 05/12/2024

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

5/12/24

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, दरभंगा–2

5/12/24